हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 23 अगस्त 2025

04 न्यायालय ने जघन्य व सनसनीखेज मामले में...



07 झमाझम बारिश से फिर उफने नदी नाले बड़ौदा...





## खबर संक्षेप

### प्रभारी नायब तहसीलदार मालथौन को प्रभार सौंपा

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से प्रभारी नायब तहसीलदार मालथौन कमलेश सतनामी को तहसीलदार मालथौन का प्रभार सौंपा।

### एनीमिया को दूर करने के लिए बच्चों संग की गई जागरूकता वार्ता

**सागर ।** संदीप जी आर के निर्देशन में जिले में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम चल रहा है, जिसके अंतर्गत एनीमिया को दूर करने के लिए स्कूलों में बच्चों संग की गई जागरूकता वार्ता की गई। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के साथ खून की कमी को दूर करने के लिए बच्चों के साथ एनीमिया पर वार्ता कार्यक्रम सागर जिले में आरंभ किया गया है, एनीमिया पर वार्ता कार्यक्रम के संबंध में सभी स्कूलों में अब, प्रत्येक मंगलवार के दिन आयरन खिलाने के साथ ही साथ एनीमिया पर वार्ता की जाएगी, और बच्चों को एनीमिया क्या है यह समझाया जाएगा एवं आयरन की गोली के फायदे बताए जाएंगे इसी क्रम में क्षेत्रीय समुदाय एविडेंस एक्शन इंडिया से हुसैन खान के द्वारा सागर जिले के बंडा ब्लाक, खुरई ब्लॉक, व मालथौन ब्लॉक में भ्रमण किया गया और बच्चों को वह अध्यापकों को एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम से संबंधित जागरूकता की गई, एवं ग्राम स्तर पर दीवार लेखन व नारे लेखन भी कराए गए जिससे ग्रामीण लोग एनीमिया के बारे में जागरूक हो सके।

### जिले में अब तक 954.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर ।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 954.8 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक देवरी केन्द्र पर सर्वाधिक 1226.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 798.5 मि.मी., जैसीनगर में 917.2 मि.मी., राहतगढ़ में 1167.4 मि.मी., बीना में 906.2 मि.मी., खुरई में 1108.2 मि.मी, मालथौन में 897.3 मि.मी., बण्डा में 794.0 मि.मी, शाहगढ में 812.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 862.0 मि.मी, रहली में 820.9 मि.मी, देवरी में 1226.2 मि.मी. तथा केसली में 1146.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### माटी गणेश, सिद्ध गणेश के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं शुद्धता के तहत घर घर गणेश, हर घर गणेश विराजे माटी के गणेश का अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज विकासखंड माल्थोन में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर ज्ञानपीठ विद्यालय मालथौन में किया गया । प्रशिक्षण का शुभारंभ परिषद के संभाग समन्वयक श्री दिनेश कुमार उमरैया, एवं जिला समन्वयक श्री के.के. मिश्रा के द्वारा किया गया । एबीएस शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति के प्रबंधक आनंद जैन द्वारा सभी अतिथियो का पगड़ी एवं गमछा पहनाकर स्वागत किया गया ।इसके बाद ब्लॉक समन्वयक धर्म नाड़ीवाल द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक उपस्थित प्रतिभागियों को समझाया इसके बाद खुरई से पधारे राघवेंद्र प्रजापति द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में संभाग समन्वयक द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के बारे में समझाते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से आप पर्यावरण एवं जल दोनों का ही शुद्धता का संरक्षण कर सकते हैं। मिट्टी के गणेश घर में विराजित करने की हमारी पुरानी सनातनी परंपरा रही है।

सौर ऊर्जा सिस्टम के मॉडल्स एवं निर्माताओं की सूची तथा अन्य नियामक ढांचे की जानकारी दी

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में तीन दर्जन से ज्यादा वेंडरों ने सीखा इंस्टालेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुए प्रशिक्षण में वेंडर्स को सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना की उन्नत तकनीकों तथा उसके संचालन एवं रखरखाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।ऊर्जा विकास निगम द्वारा वसुंधरा फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण में तीन दर्जन से अधिक वेंडर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के आयोजन का उद्देश्य वेंडर्स को सौर ऊर्जा प्रणाली के आदर्श डिजाइन, सर्वोत्तम इंस्टॉलेशन तकनीकों, उपयुक्त घटकों के चयन तथा संपूर्ण सिस्टम के संचालन एवं रखरखाव की बारीकियों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान वेंडर्स को राष्ट्रीय और राज्य स्तर की सौर ऊर्जा




नीतियों एवं दिशा-निर्देशों, सौर ऊर्जा सिस्टम के अनुमोदित मॉडल्स एवं निर्माताओं की सूची, विक्रेता रेटिंग प्रणाली तथा अन्य नियामक ढांचे की जानकारी भी दी गई। इसके अतिरिक्त उन्हें फोटोवोल्टिक सिस्टम फॉर शेडो एंड लॉसेस एनालिसिस तथा शेडो एनालिसिस फॉर इंस्टालेशन ऑफ सोलर पैनल जैसे उन्नत डिजाइन और सिमुलेशन टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

सोलर प्लांट स्थापना हेतु उपलब्ध ऋण प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी भी वेंडर्स को इस प्रशिक्षण में दी गई। प्रशिक्षण में लीड बैंक ऑफिसर एवं विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी भी मौजूद थे। मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम की ओर से जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी श्रीमती शालू प्रासी भी प्रशिक्षण में उपस्थिति रहीं। प्रशिक्षण में जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी सत्येंद्र साहू, लोकेंद्र गोयल, लीड बैंक मैनेजर सी पी सिंह, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल की एस ई प्रभाकर सी आर समस्त संभागीय अधिकारी विद्युत विभाग सागर जिले के समस्त वेंडर्स मौजूद थे




### शनि अमावस्या पर आज होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

**रहली।** सुनार नदी के तट पर स्थित देव शनि मंदिर में शनिवार को पड़ रही शनि अमावस्या पर प्रातः काल से शनि भगवान का अभिषेक पूजन तथा 111 शनि चालीसा के पाठ भक्तों द्वारा किए जाएंगे। इसके बाद हवन पूजन संपन्न होगा । उक्त जानकारी देते हुए शनि मंदिर पुजारी पंडित विनोद शर्मा ने बताया कि साइन कालीन बेला में भगवान शनि देव की भव्य आरती कन्या भोजन भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।




### विश्व उद्यमिता दिवस पर स्वावलंबन का लिया संकल्प

**सागर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, आज के समय में युवा केवल रोजगार पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनकर देश की प्रगति में योगदान दे सकते हैं। उद्यमिता ही आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी नींव है। कार्यशाला में सफल उद्यमियों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। प्रियंक मलैया ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, रोजगार की तलाश में समय गंवाने से बेहतर है कि हम अपने विचारों को व्यवसाय में बदलें। छोटा ही सही, लेकिन खुद का व्यवसाय हमें आत्मसम्मान और स्थायी सफलता देता है।अखिलेश समैया ने वर्तमान स्टार्टअप संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार की कई योजनाएं युवाओं को व्यवसाय शुरू करने में मदद कर रही हैं।

## शासकीय माध्यमिक शाला रतनारी में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला रतनारी में कक्षा छठवीं में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया । विद्यालय से 3 किलोमीटर दूर से आने वाले छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल शासन द्वारा प्रदान की जाती है जिसके लिए कक्षा छठवीं के विद्यार्थी पात्र होते हैं । इसी तारतम्य में वर्ष 2025 26 में मिलने वाली साइकिलों को शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रतनारी में 26 साईकिलों का वितरण किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रचलन कर किया गया एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया साथ ही रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा की गई । जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मुकेश यादव



एवं सरपंच प्रतिनिधि दुर्जन अहिरवार के कर कमल द्वारा निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया साथ ही स्वतंत्रता दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उपहार का भी वितरण किया। मुख्य अतिथि यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि दूर दराज से आने वाले छात्र छात्राओं को पहले निशुल्क साइकिल नहीं मिलती थी तो बहुत से छात्र छात्राएं पढ़ाई से वंचित रह जाते थे क्योंकि विद्यालय से उनके घर या गांव की दूरी अधिक होती थी कार्यक्रम में समस्त साइकिल प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए और साथ ही विद्यालय परिवार के शिक्षक जितेंद्र सिंह राजपूत, वीरेंद्र कुमार, गणेश प्रसाद, प्रदीप साहू, राहुल सिंह, चंद्रेश सिंह, शिक्षिका क्रांतिकरी भानु साहू शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कपिल कुमार जैन ने किया एवं आभार विद्यालय के प्रभारी प्रभात सिंह द्वारा व्यक्त किया गया।



### रहली का सांदीपनि विद्यालय हुआ श्रीकृष्ण मय, गूंजे जय कन्हैयालाल के जयकारे

**रहली।** शासकीय सांदीपनि शास उत्कृष्ट कृषि उच्च.माध्य विद्यालय रहली में श्री राधा कृष्ण साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छोटी कक्षा के छात्र- छात्राओं ने श्रीकृष्ण व राधा के बाल स्वरूप के विभिन्न रूपों की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। अपनी वेशभूषा में बांसुरी के साथ आये बच्चों की मधुर मुस्कान ने दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संकुल प्राचार्य विजय पचौरी ,प्राचार्य दिलीप चौबे व माध्य शाला प्रभारी संजय खरे, यतेंद्र समाधिया ने दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती व श्री बाल कृष्ण का पूजन कर किया।राधा कृष्ण बने बच्चों पर अतिथियों व शिक्षकों ने पुष्प वर्षा की गई।कार्यक्रम में कृष्ण जन्म की नाटिका प्रस्तुत की गई।गीत,प्रार्थना सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति आकर्षक व नयनाभिराम थी। कक्षा LKG से पहली तक के 94 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। राधा स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता में करुन्या पटैल, प्रियांशी, मान्या विश्वकर्मा व वैदेही रैकवार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाल कृष्ण सज्जा में आयुष पटैल, अनुज व मोहित तिवारी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।। सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरुस्कार दिया गया। अपने उदबोधन में प्राचार्य चौबे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए रचनात्मक व कलात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। शिक्षक कमलेश दुबे व संजय खरे ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नीरज नेमा ने किया।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को किया कार्य का विभाजन

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संदीप जी.आर. ने विगत दिवस प्रशासकीय कार्य की सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टरों को कार्य विभाजन किया है। कार्य विभाजन के आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर अविनाश रावत को अपर जिला मजिस्ट्रेट की हैसियत से विभिन्न अधिनियमों/ नियमों / शासन नियमों के अंतर्गत न्यायिक / अर्द्ध न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्य, सम्पत्ति विरूपण अधिनियम/ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम अंतर्गत प्रकरणों का निराकरण, प्रभारी अधिकारी, जेल, पुलिस एवं होमगार्ड, कैदियों के अस्थायी छुट्टी / पैरोल संबंधित प्रकरणों का निराकरण, पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समिति में नोडल अधिकारी, भू-राजस्व संहिता 1959 की विभिन्न धाराओं के तहत कलेक्टर के मूल, अपील, पुनरीक्षण अधिकारों का प्रयोग करते हुये प्रकरणों का निराकरण प्रत्येक दाल प्रकरणों में पहला कलेक्टर न्यायालय को आंतरित किया जावेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संबंधी समस्त अपीलीय अधिकार, विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण 2008 के अधीन प्रमाण-पत्र जारी करना, तहसील प्रशासन एवं राजस्व अधिकारियों के कार्य का सामान्य पर्यवेक्षण, नोडल अधिकारी एवं सचिव, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, पी एम श्री केंन्द्रीय विद्यालय के कलेक्टर द्वारा नामित अध्यक्ष, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य, स्थानीय एवं मण्ड़ी निर्वाचन,स्थापना शाखा, भू-अभिलेख शाखा, विभागीय जांच शाखा / विभागीय जांच अधिकारी, प्रभारी अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, ड्रग इंस्पेक्टर औषधि प्रशासन तथा नापतौल आदि के कार्य सौंपे गए।

### अंकुर हायर सेकंडरी विद्यालय में संस्कृत भाषा का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** संस्कृत भाषा का अगस्त माह का एक दिवसीय प्रशिक्षण अंकुर हायर सेकंडरी विद्यालय मकरोनिया सागर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षक के रूप में डॉ. प्रदीप दुबे द्वारा संस्कृत पाठों के गद्यांश पद्यांश एवं प्रश्नोत्तर पर विस्तार से चर्चा की इसके साथ ही प्रश्न निर्माण कैसे करें इस पर चर्चा की गई यह संस्कृत प्रशिक्षण अगस्त माह के पाठ्यक्रम पर आधारित रहा। डा वन्दना पटैरिया द्वारा संस्कृत के धातु रूप शब्द रूप पर गतिविधि के माध्यम से बताया गया साथ ही तिमाही परीक्षा को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन कार्य कैसे करें इस पर सरलता से बताया गया गीत कहानी के माध्यम से अतिकठिन बिंदुओं को रोचकता से बताया गया। श्री बलभद्र दुबे ने संस्कृत के व्याकरण के अंतर्गत वर्णमाला विचार, संधि के नियम, संधि के प्रकार, विशेषण विशेष्य, रचनात्मकता के साथ शिक्षकों को बतायां डॉ.धन्य कुमार जैन के द्वारा उपसर्ग, अव्यय, पत्रलेखन, निबंधलेखन, परियोजना कार्य एवं प्रश्नपत्र निर्माण कैसे करें -शिक्षकों को बताया गया। प्रशिक्षण में जिले से 162 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया।



**रहली।** पीएमश्री स्कूल पंडलपुर में संस्था स्तर पर शासकीय आदेशानुसार ,बच्चों में हस्त कलाकृतियों को स्वयं बनाने हेतु ग्रीन गणेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, उक्त जानकारी देते हुए प्रभारी प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि बच्चों ने मिट्टी, पत्तो व कार्डशीट पर तरह तरह से श्रीगणेश भगवान की आकृतियां बंनाने का सफल प्रयास किया,प्रतियोगिता उपरांत बच्चों को उपहार वितरण भी किया गया।

बांदरी क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में शामिल होकर निशुल्क साइकिल वितरित की

# सबके जीवन में एक अच्छा मित्र होना चाहिए : अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भाजपा के युवा नेता अविराज सिंह ने बांदरी क्षेत्र के शास. हाई स्कूल सागोनी, शास. माध्यमिक शाला रोंड़ा और स्व. श्रीमती मीरा दुबे शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजवांस के कार्यक्रमों में शामिल होकर निशुल्क साइकिल वितरित की। युवा नेता अविराज सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं खुद 22 साल का हूँ। यानी हम सब युवा हैं। हम अपने देश के युवा नागरिक हैं और हमारे देश में 37 करोड़ युवा हैं यही हमारे देश की, दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। इसीलिए हमारा देश लगातार विकास कर रहा है। असफलता जैसी कोई चीज़ नहीं होती। या तो आप जीतते हैं या सीखते हैं। यानी, ज़िंदगी में असफल होने जैसा कुछ नहीं होता।

हम सबकी जिंदगी में एक सबसे अच्छा दोस्त ज़रूर होना चाहिए। इसकी वजह ये है कि आप अपने सच्चे दोस्त को जो चाहें बता सकते हैं जो चाहें शेयर कर सकते हैं। अगर आपका सच्चा दोस्त आपकी आलोचना भी करता है, तो आपको बुरा नहीं लगता। क्योंकि वो हमें हमारी कमियाँ बता रहा होता है। वो हमें बता रहा होता है कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं। इसलिए सभी को सच्ची मित्रता करनी चाहिए। सफलता का दूसरा सिद्धांत संत कबीर की प्रार्थना है।



"निंदक नियरे राखिये आंगन कुटी छवाये" अर्थात, "अपने निंदक को हमेशा घर में सबसे अच्छा स्थान दें। इसके दो कारण हैं। हमें अपने आलोचक को अपने पास क्यों रखना चाहिए? पहला कारण यह है कि जो आलोचक आपकी आलोचना करता है, वह आपको आपकी कमियाँ बता रहा होता है। और दूसरा कारण यह है कि आपका निंदक आपको हर जगह जीवित रखता है। सफलता का तीसरा और महत्वपूर्ण तरीका है, युवा मित्रों, हमेशा अपने माता-पिता का सम्मान करें। क्योंकि हमारे माता-पिता ही चाहते हैं कि हम ज़िंदगी में आगे बढ़ें। हम ऊँचे पद पर पहुँचें, बड़ा कारोबार करें, अच्छी खेती करें, अच्छी नौकरी करें। हमारे माता-पिता ही चाहते हैं कि हम उनसे भी बेहतर बनें। एक ज़रूरी बात है, आपकी क्षमता का आकलन अंकों से नहीं किया जा सकता। हर व्यक्ति उसी क्षेत्र में आगे बढ़ता है जिसमें उसकी रुचि होती है, जिसमें उसे आनंद आता है, क्योंकि वो उस क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें उनकी क्षमता और रुचि है। सफलता का पाँचवा सूत्र सबसे अच्छा सूत्र है। अगर कभी कोई आपसे कहे कि आप जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते, तरक्की नहीं कर सकते, आप में कोई क्षमता नहीं है, तो उनसें कहिये पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त। हमें अपना रास्ता खुद बनाना अभी बहुत जीत बाकी है, अभी बहुत हार बाकी है पर अभी पूरी ज़िंदगी बाकी है ये तो बस किताब का एक पन्ना था, अब पूरी किताब बाकी है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बांदरी अनिल पाराशर, बीआरसी विजय सिंह ठाकुर, प्राचार्य लखनलाल विश्वकर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अभिषेक चौबे, अखलेश जैन, महेन्द्र जानी, नवल किशोर सोनी, पप्पू मुकद्दम, नीलेश सैनी, शिवकुमार दांगी, माखन यादव, तिलक सिंह, गोविंद सिंह यादव, अरविंद लोधी, राधेश्याम सोनी, राजकुमार अहिरवार, केशव अहिरवार, जगभान लोधी, तिलक यादव, गोवर्धन यादव, रणवीर लोधी, गजेन्द्र लोधी, सुरपाल यादव, रामगोपाल यादव, विपिन पुरोहित, अरविंद लोधी, संतोष अहिरवार, यशपाल लोधी, गंगाराम विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, रामचरण यादव, भूपेन्द्र लोधी, अभिषेक चौरसिया, मंडल अध्यक्ष नीतेश यादव, प्राचार्य रामेश्वर कुर्मी, सरपंच बिसराहा उदयभान सिंह, सरपंच रोडा प्राण सिंह, तोरण सिंह, अजय राजपूत, द्वारका पटैल, बंटी पटैरिया, राजकुमार अहिरवार, रामभरत चाचौदिया, राघवेन्द्र बघेल, रामनरेश तिवारी, जी.पी. अहिरवार, चुन्नीलाल कुशवाहा, प्रदीप दुबे, राजकुमार रिछारिया, संदीप दुबे वैद्य, उदयभान सिंह, कोमल यादव, बलराम ठाकुर, रविन्द्र बुंदेला, दिलीप अहिरवार, निरंजन ठाकुर, रामविशाल वाजपेयी, मनीराम चौका, सुनील दुबे, उपस्थित थे।



### झूलेलाल चालिहाः प्रभात फेरी निकाली गई आयोलाल झूलेलाल से गुंजायमान हुई कॉलोनी

**सागर।** सिंधी समाज का सबसे बड़ा पर्व झूलेलाल चालिहा पर्व जो 16 जुलाई से निरंतर श्रद्धाभाव के साथ चल रहा है जिसका समापन्न 24 अगस्त को होगा और 25 अगस्त को गाजे बाजे के साथ निकलेगी बहराणा साहिब की सवारी जो पुरे सिंधी कॉलोनी में घूमेगी प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया कि आज 22 अगस्त को सुबह 6 बजे से झूलेलाल मंदिर से सिंधी कॉलोनी में निकली प्रभात फेरी प्रभात फेरी लालाराम मेठवानी सुरेश मोहनानी के साथ सभी आयोलाल झूलेलाल की धूनी लगाते चल रहे थे इस मौके पर मंडली के संस्थापक लालाराम मेठवानी, अध्यक्ष सुरेश मोहनानी ने सभी का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर महिला अध्यक्ष दिया राजपूत, भारती मोहनानी, मोनिका मेठवानी,पुष्पा हरिरामानी, लीला आहूजा,रैना गोकलानी, दीपांशू नागदेव,कविता लहरवानी, मानसी दरयानी, कनक लौटवनी ,दीपा मोटवानी ,राजेश मनवानी,अजय पंजवानी, उपाध्यक्ष प्रेमचंद प्रथ्यानी, दौलत नागवानी, रुपेश मनवानी, वर्षा हासानी, सपना मनवानी सहित बड़ी संख्या में समाज कि महिलाये उपस्थित रही ।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

## नाबालिग लड़की को जबरन घर में बंद कर दुष्कार्म करने का था आरोप

# न्यायालय ने जघन्य व सनसनीखेज मामले में दी आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

उधारी के पैसे देने के बहाने नाबालिग लड़की को घर ले जाकर जबरन घर में बंदकर दुष्कर्म करने के जघन्य व सनसनीखेज और चिन्हित किये गये उक्त मामले में पास्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश नरेंद्र कुमार गुप्ता ने आरोपी नीलेश यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उक्त मामले में पीड़ित नाबालिग की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी जैनेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे नें पैरवी की। उक्त प्रकरण जिले का जघन्य एवं सनसनीखेज चिन्हित मामला था। अर्थात इस मामले को प्रशासन नें प्राथमिकता से हाईलाइट रूप में लिया था। इस मामले में पीड़ति नाबालिग लड़की अनुसूचित जाति की थी। उक्त मामला खरगापुर थाना अंतर्गत क्षेत्र का बताया गया है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर की थी मारपीट

विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुवे ने बताया कि 13 अगस्त 2022 को पीड़ित नाबालिग लड़की ने खरगापुर थाना में तत्कालीन थाना प्रभारी मैना पटेल को शिकायती आवेदन देते हुये बताया था कि उसे उधारी के पैसे देने की बात कहकर नीलेश यादव अपने घर ले गया और पीड़िता को कमरे में बंद कर दिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और कुछ समय बाद आरोपी पीड़िता को तालाब के पास छोड़ गया। तब घर आकर नाबालिग लड़की ने अपने माता पिता को पूरी घटना बताई और आरोपी नीलेश द्वारा की गई घटना के संबंध में कार्यवाही किए जाने के लिए थाना में आवेदन दिया।



### थाना प्रभारी पटेल ने गहनता से जांचकर जुटाये सबूत

पीड़िता द्वारा दिये गये आवेदन पर खरगापुर थाना प्रभारी मैना पटेल द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये मामले की विवेचना की गई। विवेचना के दौरान निरीक्षक पटेल के द्वारा घटनास्थल पर जाकर नक्शाई मौका तैयार करते हुये पीड़िता सहित सभी आवश्यक गवाहो के कथन लिये गये। साथ ही पीड़िता के नाबालिग होने से संबंधित स्कूल से दस्तावेज लिये गये तथा पीड़िता के अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र भी जप्त किया। प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही के बाद आरोपी नीलेश को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध न्यायालय के समक्ष प्रकरण पेश किया गया।

### अभियोजन अधिकारी ने कराई 12 गवाही और 24 सबूत दस्तावेज किए पेश

न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन अधिकारी नर्मदांजलि दुबे द्वारा प्रकरण में 12 गवाहो की गवाही कराई गई एवं 24 दस्तावेजों को साक्ष्य के तौर पर पेश कराया गया। अभियोजन द्वारा पेश की गई मौखिक, दस्तावेजी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य तथा अंतिम तर्क के आधार पर विशेष न्यायाधीश नरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा आरोपी नीलेश यादव को दोषी पाते हुये धारा 363 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड, धारा 342 में 6 माह का सश्रम कारावास व 200 रूपये अर्थदण्ड, धारा 323 में 6 माह का सश्रम कारावास व 200 रूपये अर्थदण्ड, धारा 506 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड, पॉक्सो एक्ट की धारा 3 सहपठित 4 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 2000 रूपये अर्थदंड तथा एससीएसटी एक्ट की धारा 3(2)(5) में आजीवन कारावास व 2000 रूपये के अर्थदंड से आरोपी को दण्डित किया गया।

### पीड़ित की बहन के साथ न्यायालय परिसर में आरोपी ने की थी मारपीट

आरोपी नीलेश यादव आपराधिक मानसिकता का आदतन आरोपी बताया गया है। जिस पर पूर्व से भी मारपीट सहित अन्य मामलो में प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी ने पीड़ित नाबालिग की बहन के साथ न्यायालय परिसर में ही मारपीट कर दी थी क्योंकि उसने आरोपी नीलेश के खिलाफ गवाही देने की हिम्मत दिखाई थी। अभियोजन अधिकारी दुवे ने बताया कि उक्त घटना के बाद उन्हें सभी गवाहो को संपूर्ण गवाही देने तक सुरक्षा प्रदान करनी पड़ी थी। जिससे आरोपी द्वारा उक्त प्रकरण पर कोई गलत प्रभाव न डाला जा सके।

## शिकायत के बावजूद पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही, एसपी को दिया आवेदन

# फर्जी सील हस्ताक्षर कर किया जा रहा पंचायत अधिकारों का हननः सरपंच संघ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की ग्राम पंचायत जसवंतनगर में सरपंच की फर्जी सील और हस्ताक्षर करके लकड़ी काटने की अनुमति जारी किए जाने का मामला सामने आया है। जिसकी पुलिस में शिकायत कर कार्यवाही की बार बार मांग करने के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया। सरपंच संघ ने इस प्रकरण को गंभीर अपराध बताते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नाम ज्ञापन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया कि आरोपी प्रसन्न जैन और नीरज सिंह ने जसबंत नगर ग्राम पंचायत सरपंच के नाम पर स्वयं की लिखावट में फर्जी अनुज्ञा पत्र तैयार कर लिया, जिसमें फर्जी हस्ताक्षर और सील का उपयोग किया गया। जबकि मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक अप्रैल से ऑनलाइन अनुमति का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद भी आरोपी प्रसन्न जैन और नीरज सिंह द्वारा परंपरागत तरीके से फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर पेड़ काटने की अबैध अनुमति दी जा रही है। इस मामले की शिकायत 6 अगस्त को जसवंत नगर सरपंच महेन्द्र सिंह द्वारा मजना चौकी में की गई, लेकिन वहां से पावती नहीं दी गई और आवेदक जसवंत नगर सरपंच महेन्द्र सिंह को देहात थाना भेज दिया गया। आवेदक जसवंत नगर सरपंच महेन्द्र सिंह उसी दिन शिकायत करने देहात थाना भी पहुंचे लेकिन थाने में थाना प्रभारी अनुपस्थित थे और मौके पर मौजूद प्रधान आरक्षक ने आवेदक महेंद्र सिंह से जनपद विभाग से पत्र लाने की बात कही। इसके बाद 7 अगस्त को पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन दिया गया और 8 अगस्त को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को भी शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया। लेकिन इसके बावजूद भी अब तक किसी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सरपंच संघ का कहना है कि पंचायत एक संवैधानिक संस्था है और उसके अधिकारों का खुलेआम हनन किया जा रहा है। यदि फर्जी सील और हस्ताक्षर के आधार पर अनुमति पत्र जारी किए जा सकते हैं तो कल उच्च प्रशासनिक अधिकारियों और यहां तक कि मुख्यमंत्री के नाम पर भी फर्जी कागजात बनाकर अपराध को अंजाम दिया जा सकता है। सरपंच संघ ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 335, 336(2), 336(3) सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं की गई तो सरपंच संघ आंदोलनात्मक रणनीति अपनाने के लिए बाध्य होगा। सरपंच संघ ने कहा कि इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।




## वंदे भारत ट्रेन शुरू कराने मंत्री सिंधिया को दिया पत्र

# छोटी अयोध्या को बड़ी अयोध्या से जोड़ने की भाजपा नेता विकास ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सर्वव्यापक राजाराम के दो निवास है खास, दिवस रहत ओरछा, शयन अयोध्या वास। इस चौपाई के अनुसार ओरछा में विराजे भगवान श्री रामराजा सरकार दिन में ओरछा में रहते हैं लेकिन रात में अयोध्या चले जाते हैं। इसी मान्यता को लेकर भाजपा नेता विकास यादव ने अब केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली में मुलाकात कर एक पत्र सौंपा है जिसमें मांग करते हुए कहा गया है कि ओरछा से अयोध्या तक वन्दे भारत ट्रेन का संचालन कराया जाए। जिससे छोटी अयोध्या मानी जाने वाली ओरछा नगरी को बड़ी अयोध्या से ट्रेन के माध्यम से सीधा जोड़ा जा सके।

श्रीराम राजा सरकार की पावन नगरी ओरछा से अयोध्या तक वंदे भारत ट्रेन शुरू कराने की मांग को लेकर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को सौंपे गये मांग पत्र में भाजपा नेता विकास ने बताया कि धार्मिक मान्यता अनुसार एक चौपाई कही जाती है कि सर्वव्यापक राजाराम के दो निवास है खास, दिवस रहत ओरछा, शयन अयोध्या वास। इसी धार्मिक मान्यता के आधार पर प्रबलता से उठाई जा रही है कि ओरछा और अयोध्या के बीच बंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाए। यह ट्रेन वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी से चलकर ओरछा, चित्रकूट, प्रयागराज होते हुए अयोध्या तक शुरू कर दी जाए तो धर्म में आस्था रखने वालों को प्रभु श्रीराम के तीनों प्रमुख तीर्थों के दर्शनों के साथ ही विश्व के एकमात्र त्रिवेणी संगम प्रयागराज में स्नान करने का भी सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा। इस प्रकार इस ट्रेन के चलने से यह चारों प्रमुख धार्मिक नगर आपस में जुड़ जायेंगे। जिससे सांस्कृतिक आदान प्रदान, पर्यटन और व्यापार में भी बहुत बढ़ोतरी होगी। साथ ही आम जनता को इस नई ट्रेन के चलने से सुखद एवं आनंदमय सफर का सुअवसर प्राप्त हो सकेगा। भाजपा नेता विकास ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी श्रीराम राजा सरकार की पावन नगरी ओरछा को वर्ल्ड हेरिटेज के रूप में विकसित करना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में झांसी से अयोध्या तक चलने वाली नई वंदे भारत ट्रेन प्रधानमंत्री की मंशा को भी पूर्ण करेगी। जिस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रेलमंत्री से यथासंभव सहयोग कराने का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कौशल किशोर भट्ट भी उपस्थित रहे।



लगातार दूसरे दिन सड़क हादसा, गुरुवार को बुजुर्ग महिला की गई थी जान

# अतिक्रमण से सिकुड़ी सड़क बनी हादसे की वजह, युवक आया ट्रक के नीचे

**टीकमगढ़।** शहर में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। शुक्रवार को ढोंगा रोड स्थित गल्ला मंडी के सामने एक युवक की बाइक बारिश में फिसलकर ट्रक के नीचे जा घुसी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके पूर्व गुरुवार के दिन अस्पताल चौराहे पर ट्रक के नीचे आने से बुजुर्ग महिला घायल हो गई थी और फिर कुछ देर बाद महिला नें दम तोड़ दिया था। मंडी के सामने हुई घटना में घायल की पहचान नूतन विहार कॉलोनी निवासी अभिषेक रावत के रूप में हुई है। अभिषेक ने बताया कि वह बाइक से शहर की ओर जा रहा था, तभी सड़क पर फिसलन के कारण उसका नियंत्रण बिगड़ गया और वह सीधे ट्रक के नीचे जा पहुंचा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 100 की मदद से घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मंडी पर मौजूद लोगों ने बताया कि अतिक्रमण की बजह से सिकुड़ चुकी सड़क की बजह से यह हादसा हुआ है। गौरतलब है कि एक दिन पहले गुरुवार को अस्पताल चौराहे पर भी एक तेज रफ्तार ट्रक के नीचे आने से 75 वर्षीय महिला रामाबाई की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। महिला रामाबाई अपने पति के साथ जिला अस्पताल में अपनी आँखों का इलाज कराकर घर जा रही थी। लेकिन अस्पताल परिसर से बाहर निकलते ही ट्रक की चपेट में आ गई। लगातार हो रहे हादसों से शहरवासी दहशत में हैं और लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई व ट्रैफिक नियंत्रण की मांग की है।





## प्रेम विवाह बना जंग का मैदान, दंपती परिजनों की धमकियों से दहशत में

**टीकमगढ़।** जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र के सरकनपुर गांव के युवक-युवती का प्रेम विवाह उनके परिवारों के लिए जंग का मैदान बन गया है। एक अगस्त को गाजियाबाद में कोर्ट मैरिज करने वाले किशन अहिरवार और सविता अहिरवार अब लड़की सविता के परिजनों की प्रताड़ना झेल रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि दंपती को शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई से सुरक्षा की गुहार लगानी पड़ी।



### शादी के बाद धमकी और फिर हमला

पिता फूलचंद अहिरवार ने बताया कि उनके लड़के किशन व लड़की सविता दोनों बालिग हैं और स्वेच्छा से शादी की है। विवाह के बाद कोतवाली पुलिस ने भी लड़की सविता के बयान दर्ज कर उसे पति के साथ भेज दिया था। लेकिन इसके बावजूद लड़की सविता के परिजन रमेश, कुसमा, सल्लू, कौशल्या, हरिराम और हैमराज द्वारा विरोध किया जा रहा है। साथ ही किशन को खुलेआम जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इसी रंजिश में पहले तो सविता के परिजनों ने लड़का किशन के पिता फूलचंद के ट्रैक्टर को नुकसान पहुंचाया और घर में घुसकर सामान फेंक दिया। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने फूलचंद की बुजुर्ग मां के साथ जमकर मारपीट की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं।

### पुलिस पर लापरवाही का आरोप

दंपती का आरोप है कि इस पूरी घटना की शिकायत खरगापुर थाने में की गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए मजबूरी में अब एसपी ऑफिस में पहुंचकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ सुरक्षा की मांग की है। पीड़ितों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उनके परिवार की जान पर बन सकती है। हमने कानून का पालन करते हुए शादी की है, लेकिन हमारे ही परिजन हमें जीने नहीं दे

## महिला सुरक्षा को लेकर एसपी ने जारी की एडवाइजरी

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा समाज की प्रगति की नींवः मंडलोई

**टीकमगढ़।** जिले में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महिला सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं से कहा गया है कि वे अपने अधिकारों को जानें, जागरूक रहें और किसी भी घटना की स्थिति में तत्काल पुलिस से मदद लें।



एडवाइजरी में स्पष्ट किया गया है कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा समाज की प्रगति की नींव है। जब बेटियां निर्भय होकर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी, कार्यस्थल पर गरिमा के साथ काम कर पाएंगी और घर-बाहर सुरक्षित महसूस करेंगी, तभी वास्तविक विकास संभव होगा। इसी उद्देश्य से पुलिस ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे चलाए जा रहे अभियानों में सक्रिय रूप से भागीदारी करें और अधिक से अधिक महिलाओं को जागरूक करें। एडवाइजरी में महिला सुरक्षा से जुड़े प्रमुख कानूनों और अधिकारों की जानकारी भी दी गई है। इसमें भारतीय दंड संहिता अंतर्गत महिला की मर्यादा भंग, यौन उत्पीड़न, पीछा करना, बलात्कार और अशोभनीय आचरण जैसे अपराधों पर कठोर दंड का उल्लेख किया गया है। इसके साथ ही दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम और पोक्सो कानून की जानकारी देते हुए महिलाओं और छात्राओं से कहा गया है कि वे किसी भी अन्याय या उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहें। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112, डायल 100, बाल हेल्पलाइन 1098 और पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर भी साझा किए गए हैं, ताकि पीड़ित महिलाएं तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

जिले में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पुलिस द्वारा कई विशेष अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं। इनमें ह्यनीड अभियानह्व के माध्यम से गर्भ में पल रही बच्चियों की सुरक्षा, परी अभियान के जरिए बालिकाओं की शिक्षा व सुरक्षा, भरोसा अभियान से संकट की घड़ी में महिलाओं को सुरक्षा और विश्वास, 'स्वयं सिद्धा अभियान' से आत्मरक्षा प्रशिक्षण, 'एहसास अभियान' से बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी शामिल है।

## एसपी के निर्देशन में प्रदेश में प्रथम आई अस्तौन चौकी




**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में अस्तौन पुलिस चौकी को सीएम हेल्पलाइन समाधान में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा केक काटकर ख़ुशी मनाई गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निदेशन में जिले में सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के संतुष्टी पूर्वक निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिले में 848 शिकायतों में 96.79 प्रतिशत शिकायतों का संतुष्टी पूर्वक निराकरण करने पर जिले की पुलिस को मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एएसआई सतीश चन्द्र त्रिपाठी, आरक्षक कोमल सिंह चौहान, आरक्षक संजय यादव, आरक्षक रतिराम व ग्रामीण अमोल सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह सरपंच चनवारा, पुष्पेन्द्र यादव सरपंच प्रतिनिधि, नथूराम कुशवाहा, डाक्टर सोबरन लोधी, अजय यादव , वीरसिंह ठाकुर, संजू राय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जनपद पलेरा व टीकमगढ़ अंतर्गत 20-20 सरपंचों को दिया गया प्रशस्तिपत्र

# निस्वार्थ भाव से किए कार्यों में उत्कृष्ट सरपंचों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

ग्राम पंचायतों में सरकारी राशि खर्च किए बिना निस्वार्थ भाव व स्वेच्छा से किये गये जनहित विकास कार्यों को लेकर जिले की जनपद पलेरा और टीकमगढ़ में 20-20 ग्राम पंचायतों के सरपंचो, सचिवों और रोजगार सहायकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पलेरा व टीकमगढ़ के जनपद सभागार में आयोजित पीएआई 1.0 पंचायत उन्नति मूलक सूचकांक के विमोचन एवं कार्यशाला कार्यक्रम के दौरान किया गया है।

**सरकारी राशि के बिना किए कार्यों से तेज होगा चहुमुखी विकासः सीईओ वर्मा-** जनपद पंचायत पलेरा के सभागार में पीएआई 1.0 पंचायत उन्नति मूलक सूचकांक के विमोचन एवं कार्यशाला का आयोजित किया गया। जिसमें जनपद सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने पंचायत सरपंचो, सचिवों को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्यो के लिये तो विकास राशि दी जाती है लेकिन इसके अलावा भी अगर पंचायत द्वारा निस्वार्थ भाव से पंचायत विकास के जरूरी कार्य स्वेच्छा से किये जाये तो पंचायत व जनपद सहित जिले व प्रदेश और देश का तेजी से चौतरफा विकास होगा। जिसका फायदा भी जनता के साथ साथ हम सभी को आत्मसंतुष्टि के रूप में मिलेगा। उक्त कार्यक्रम में 20 ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया, जिसमें परियोजना प्रबंधक राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पीएआई 2.0 के लिए डाटा फीडिंग के लिए मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत पलेरा अध्यक्ष शिल्पी अतुल खटीक, जनपद पंचायत सीईओ सिध्द गोपाल वर्मा, जिला आरजीएसए परियोजना प्रबंधक रोहित चतुर्वेदी, सामाजिक न्याय अधिकारी नितिन पचौरी, सीडीपीओ प्रेमवती यादव, बीपीओ बृजेश रावत सहित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।





### स्वेच्छा से किए गए तालाब गहरीकरण व सफाई के कार्य

जनपद टीकमगढ़ के सभागार में भी पीएआई 1.0 पंचायत उन्नति मूलक सूचकांक के विमोचन एवं कार्यशाला का आयोजित किया गया। जिसमें 20 ग्राम पंचायतो के सरपंचो, सचिवों व रोजगार सहायको को सम्मानित किया गया। इन 20 ग्राम पंचायतो में स्वेच्छा से तालाब गहरीकरण, नालियो का निर्माण एबं सफाई, बृक्षारोपण जैसे कार्य किये गये और इन कार्यो को लेकर कोई सरकारी खर्च नहीं डाला गया। लेकिन पंचायत दर्पण में इन कार्यो के अंक दिए गये। टीकमगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव खुर्द के सरपंच सरदार सिंह के कार्य सबसे उत्तम व उत्कृष्ट रहे।

### क्या होता है पंचायत उन्नति सूचकांक

ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन का बहुआयामी आंकलन करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित पंचायत उन्नति सूचकांक पीएआई एक ढांचा है, जो 9 स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों एलएसडीजी जैसे गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी की उपलब्धता, स्वच्छ पर्यावरण, बुनियादी ढांचा, सुशासन, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण आदि पर आधारित है। इन विषयों से जुड़े विभिन्न सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर पंचायतों के प्रदर्शन को मापा जाता है। इसका उद्देश्य पंचायतों को उनके सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाना, जमीनी स्तर पर प्रगति को ट्रैक करना, और नीतियों में सुधार और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। पीएआई पंचायतों को उनके प्रदर्शन के आधार पर 'अचीवर', 'फ्रंट रनर', 'परफॉर्मर', 'एस्पिरेंट' और 'शुरुआती' जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत करता है।

### सीप और कदवाल नदियों का पानी शहर की निचली बस्तियों में घुसने से मची अफरा तफरी

# झमाझम बारिश से फिर उफने नदी नाले बड़ौदा में बाढ के हालात, सरारी नदी में दो बहे







हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीती रात को हुई झमाझम बारिश ने शुक्रवार को न सिर्फ शहर सहित जिलेभर को तर बदल कर दिया, बल्कि निचली बस्तियों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाने से अफरा तफरी मच गई। जिला मुख्यालय पर सीप और कदवाल नदियों के उफान पर आने से निचली बस्ती वार्ड नं 2 कोली चौक और वार्ड नं 23 गुलाब बाड़ी क्षेत्र में पानी भर जाने से अफरा तफरी मच गई।

जबकि बडौदा कस्बे में एक बार फिर से बाढ के जैसे हालात दिखाई पडे। उधर कराहल विकासखंड के गोठरा गांव के पास सरारी नदी में दो दूधियों के बह जाने की सूचना मिली है जिनमें से मोहर सिंह को तो रेस्क्यू कर बचाने में सफलता हासिल कर ली लेकिन विपिन रावत निवासी जाखदा को काफी खोजबीन के बाद बाढ़ राहत दल की टीम ने बाहर निकाला,मगर तब तक उसकी मौत हो गई।

गुरूवार को दिनभर बारिश होने के बाद रात को भी हुई झमाझम बारिश से अल सुबह ही सीप नदी और उसकी सहायक नदियां उफन कर न सिर्फ अपनी सीमा से बाहर आ गई बल्कि निचली बस्तियों में भी घुस गई। सुबह 8 बजे के करीब कदवाल सीप के दवाब के चलते गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से होते हुए बगवाज पुलिया से होते हुए वार्ड नं 2 हरिजन बस्ती ओर कोली चौक में घुस गई देखते ही देखते कदवाल नदी का पानी किला गेट तक पहुंच गया और सुबह 9 बजे तक किला गेट पर ढाई फीट पानी भर गया जिससे किला का संपर्क शहर से कट गया। उधर वार्ड क्रमांक 23 की निचली बस्ती गुलाब बाड़ी क्षेत्र में भी सीप नदी का पानी आ जाने से अफरा तफरी मच गई आनन फानन में जो लोग नदी किनारे बाड़ियों में झोपड़ियां बनकर रह रहे थे वह झोपड़ियों से निकल कर ऊंचाई वाले स्थान पर आ गए और वहां से भी दूसरी जगह शिफ्ट होने की तैयारी में लग गए भैंस पाड़ा और चतरदास जी का टीला के पास वाली बस्ती में भी कमोवेश यही हालात देखने को मिले, हालांकि यहां से लोगों ने पलायन नहीं किया लेकिन वह घर छोड़कर ऊंचाई वाले स्थान पर जाने की तैयारी जरूर करते देखे गए लेकिन बाद में सीप नदी उतार पर आ जाने से लोगों ने राहत ली।

### कदवाल घुसी निचली बस्तियों में मची

सीप की सहायक नदी कदवाल गुप्तेश्वर मंदिर से किला गेट और निचली बस्ती वार्ड क्रमांक 2 गली चौक तक पहुंच गई। कोली चौक पर करीब एक से डेढ़ फीट पानी हो जाने से यहां रहने वाले लोग परेशान हो गए आने आनन फानन में लोग ऊंचाई वाले स्थान पर जाने की तैयारी में जुट गए, कई लोग तो ऊंचाई वाले क्षेत्र पर रह रहे अपने रिश्तेदारों के घरों पर पहुंच हालांकि सुबह 10 बजे सीप के साथ कदवाल नदी के पानी में भी उतार देखने को मिला जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### सवाईमाधोपुर के बाद बारां का मार्ग भी हुआ बंद



श्योपुर सवाई माधोपुर स्थित नेशनल हाईवे 552 टोंक-चिरगांव की बोदल पुलिया (उगाल की पुलिया) फिर क्षतिग्रस्त हो जाने से श्योपुर-सवाई माधोपुर का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया और फ़िलहाल अभी कुछ दिनों खुलने वाला भी नहीं है। ज्ञात हो कि पहले यह पुलिया 31 जुलाई को आई बाढ़ में बह गई थी, जिसकी मरम्मत करने के बाद 17 अगस्त को आवागमन चालू करवाया था लेकिन यह चालू होने के 5 दिन बाद शुक्रवार को एक बार फिर टूट गई है।इधर पार्वती नदी का जल स्तर बढने से कुहांजापुर के पास बनी पुलिया डूब गई है। जिससे श्योपुर बारां मार्ग भी बंद हो गया है।


### फिर सड़क काटकर बचाना पड़ा बड़ौदा को डूबने से

बड़ौदा में फिर वही हालत देखने को मिले जो 31 जुलाई को देखे गए थे। हर बस्ती में दो से चार फीट तक पानी भर गया दुकानों के भीतर भी पानी भर जाने से व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है सूचना मिलने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर थाने के सामने सड़क को जेसीबी से कटकर पानी निकाला गया। ज्ञातव्य हो कि 31 जुलाई को भी इसी तरह इस सड़क को काटकर पानी निकाला गया था बड़ौदा में जल भराव की स्थिति से स्वास्थ्य सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित रही अस्पताल के भीतर दो-दो फीट पानी भर गया जिससे मरीजों और स्टाफ को भाग कर दूसरी जगह शरण लेनी पड़ी




### सीताराम आदिवासी के साथ आए हनुमानखेड़ा के ग्रामीण

# बिजली समस्या को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को पूर्व विधायक एवं मध्य प्रदेश सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) सीताराम आदिवासी ने हीरापुर ग्राम पंचायत के हनुमानखेड़ा गांव से आए आदिवासियों के साथ कलेक्टर अर्पित वर्मा से मुलाकात की और उन्हें बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने तत्काल बिजली कंपनी के महा प्रबंधक को फोन कर समस्या के निराकरण के निर्देश देते हुए ग्रामीणों को जल्द समस्या निराकरण के निर्देश दिए।

आदिवासी विकासखंड कराहल की ग्राम पंचायत हीरापुर के गांव हनुमानखेड़ा में विगत कई दिनों से बिजली नहीं आने से ग्रामीणों को कई समस्याओं से झूझना पड़ रहा है।

शुक्रवार को पूर्व विधायक के साथ ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि बिजली नहीं आने से ग्रामीण रात भर सो नहीं पा रहे हैं। मच्छरों के काटने से गांव में मलेरिया जैसी संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। हर घर में लोग बुखार से पीड़ित बने हुए हैं। बिजली नहीं आने से नल जल योजना बंद पड़ी है जिससे ग्रामीणों को बरसाती पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शीघ्र ही समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण आयोजित

श्योपुर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हर कर्मचारी को और आमजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई अपील के तहत सरकारी स्कूलों में भी पौधारोपण का अभियान कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग के निर्देश पर किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को एनएमएस उर्दू गांधी स्कूल में विभिन्न प्रकार के छायादार पौधों का रोपण किया गया। शाला प्रमुख कमलजीत सिंह सिसोदिया ने बताया कि स्कूल प्रांगण और स्कूल के बाहर विभिन्न प्रकार के छायादार पौधों का रोपण स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ मिलकर किया गया। जिन पौधों का रोपण किया गया उन्हें वायुदूत ऐप पर भी डाला गया है ताकि पौधों की ग्रोथ की मॉनिटरिंग ऑनलाइन की जा सके।

# एकता ही शक्ति का मंत्र है इसे पहचानने की जरूरत है: भाटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




जो समाज एकजुट होकर चला है उसे समाज ने देश में खूब तरक्की की है यह इतिहास उठाकर देखा जा सकता है प्राचीन काल से आज तक जिस समाज में एक जुटता का परिचय दिया है उसने देश पर शासन किया है और जो समाज एकजुट होने में नाकाम रहा है वह शासन करने के बजाय शासनकर्ताओं की जूतियां सीधे करने में लग रहा है हम उनमें से नहीं है कि किसी की जूतियां सीधी करें बल्कि हम अपनी शक्ति को पहचान कर अपने संख्या बल के आधार पर सरकार से हक लेंगे लेकिन उसके लिए एकता की जरूरत है यह बात शुक्रवार को शिवपुरी रोड स्थित ऑटोटेरियम में आयोजित गुर्जर महा पंचायत में राष्ट्रीय गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड रविंद्र भाटी ने मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधन देते हुए कही।

गुर्जर समाज द्वारा आयोजित महापंचायत में न सिर्फ जिले भर के गुर्जर समुदाय से जुड़े लोग शामिल हुए बल्कि देश प्रदेश से भी गुर्जर समाज का नेतृत्व करने वाले नेता भी शामिल हुए। करीब 2 घंटे तक चली इस महा पंचायत में सभी ने इस बात पर सहमति जताई कि गुर्जर समाज को सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्षम होने की जरूरत है इसके लिए एकता प्रदर्शित करें इस दौरान स्थानीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सोपा गया जिसमें श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर में गुर्जर समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10-10 बीघा जमीन आवंटित करने,जंगली जानवरों द्वारा मवेशियों का शिकार कर मार देने पर मुआवजा राशि वितरण नियम को आसान करने के साथ राशि बढ़ाने,कूनो नेशनल अभ्यारण में गुर्जर समाज के युवाओं को नौकरी प्रदान करने, अभ्यारण क्षेत्र के आसपास बसे गुर्जर समाज के गांव में ग्रामीणों को स्थाई आवासीय पट्टा देने सहित 17 बिंदुओं की मांग का ज्ञापन सोपा गया।

# स्कूल परिसर में पौधे लगाकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोंईकलां स्थित अशासकीय खुशी भारती एकेडमी इंग्लिश स्कूल में शुक्रवार को पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर स्कूल संचालक विनोद मीणा ने कहा कि पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है जो हमारे जीवन के लिए सबसे अहम है। हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर वातावरण को हरा भरा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जन्मदिन, परिवार में विवाह उत्सव अन्य आयोजनों पर पेड़ पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती के अंदर अनेकों चीजों का भंडारण है। प्रकृति से हम काफी सीख ले सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या रेनू मीणा, विशाल जाट, मीनू जैन, जेपी राठौर, गिर्राज सहित विद्यालयीन छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### इकलौद रोड पर हुआ हादसा, क्रॉस एफआईआर दर्ज

# दो बाइकों की भिडंत में एक की मौत तीन बच्चों समेत सात लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र स्थित इकलौद रोड पर ठाकुर बाबा के स्थान के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने सामने से भिडंत हो गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई। जबकि तीन बच्चों समेत सात लोग घायल हो गए। विजयपुर थाना पुलिस ने क्रॉस एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम काठौन निवासी राहुल रजक शुक्रवार को अपनी मां श्रीमति रजक और दादी भग्गो बाई रजक के साथ पार्वती बडौदा स्थित मठ बाबा मंदिर की जात करके वापस अपने गांव लौट रहा था,जबकि कैलारस थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सेमई निवासी अनिल कुशवाह अपनी पत्नी रश्मि कुशवाह और तीन बच्चो कान्हा, हिमांश, प्रियांशु के साथ मठ बाबा मंदिर पर जात करने के लिए जा रहे थे। तभी इकलौद रोड पर इनकी बाइक आमने सामने से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार महिला भग्गो बाई रजक 60 वर्ष की मौत हो गई। राहुल और उसकी मां घायल हो गई।

जबकि दूसरी बाइक पर सवार अनिल कुशवाह और उसकी पत्नी रश्मी तथा तीनो बच्चे जख्मी हो गए है। जिन्हें विजयपुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया।

### कलेक्टर ने बुजुर्ग दंपती को सौंपे पेंशन स्वीकृति आदेश

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम पाण्डोली निवासी बुजुर्ग दंपत्ति को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ देते हुए पेंशन स्वीकृति आदेश सौपे गये। ग्राम पाण्डोला निवासी मुन्नालाल एवं उनकी पत्नि शांति बाई दोनो के नाम से पेंशन स्वीकृति की गई है। सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से बुजुर्ग दंपत्ति को पेंशन स्वीकृत करते हुए पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किये गये, जिससे बुजुर्ग दंपत्ति को हर माह 600-600 रूपये की पेंशन राशि प्राप्त होगी।

### कलेक्टर को भेंट की भगवान श्री गणेश की पेंटिंग

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा को आज आंशिक रूप से दिव्यांग दो भाई-बहन द्वारा भगवान श्री गणेश की पेंटिंग बनाकर भेंट की गई। इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता भी मौजूद रहें। शहर के वार्ड क्रमांक 07 निवासी इश्तियाक खान के दोनो बच्चें शबा और नीलू को पेंटिंग का शौक है और वे विभिन्न प्रकार की पेंटिंग बनाते है, वर्तमान में गणेश चतुर्थी के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए दोनो बच्चों ने भगवान श्री गणेश की पेंटिंग बनाकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को भेंट की गई, इसके साथ ही उन्होने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कलेक्टर अर्पित वर्मा की अपने हाथो से बनाई पेंटिंग भी भेंट की। उल्लेखनीय है कि शबा और नीलू जन्म से ही आंशिक रूप से मूकबधिर है तथा पेंटिंग में रूचि रखते है।



### प्रबंधन ने चकाचक कर रखी थी अस्पताल की व्यवस्थाएं,मरीज भी पड़ गए हैरत में

# जिला अस्पताल पहुंची मुस्कान की राष्ट्रीय टीम, बाल रोग विभाग, मेटरनिटी वार्ड और इमरजेंसी सुविधाओं को परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल में शुक्रवार को इलाज कराने के लिए पहुंचे मरीज और उनके अटेंडर उस समय हैरत में पड गए,जब उन्हें जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं चकाचक नजर आई। वहीं स्टाफ नर्स से लेकर डॉक्टर तक सभी ड्रेसकोर्ड में काम करते नजर आए। यही नहीं, अस्पताल के वार्ड में अच्छी सफाई के साथही पलंगों पर नए चादर विछे हुए दिखाई दिए। दरअसल शुक्रवार को मुस्कान की राष्ट्रीय टीम निरीक्षण करने के लिए जिला अस्पताल पहुंची थी और इसी निरीक्षण के मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को चकाचक कर रखा था। दो सदस्यीय इस टीम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए बाल रोग विभाग, मेटरनिटी और इमरजेंसी सुविधाओं को परखते हुए उन्हें अपनी कसौटी पर कसा।




### व्यवस्थाए देखकर मरीज बोले रोज हो ऐसा निरीक्षण

जिला अस्पताल को मुस्कान का अवार्ड मिलेगा या नहीं, यह तो इस टीम की रिपोर्ट से तय होगा,लेकिन शुक्रवार को जिला अस्पताल की चकाचक व्यवस्थाओं को देखकर अस्पताल में पहुंचे मरीज खासे प्रभावित नजर आए। अस्पताल पहुंचे मरीजों का कहना था कि अस्पताल की यह चकाचक व्यवस्था यदि निरीक्षण को देखकर की गई है तो ऐसा निरीक्षण रोज की जिला अस्पताल का होना चाहिए।

शुक्रवार को मुस्कान की दो सदस्यीय नेशनल टीम जिला अस्पताल पहुंची। इस टीम में दिल्ली डॉ हरविंदर कौर तथा जयपुर से डॉ शिल्पी गोयल शामिल थी। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल सहित अन्य चिकित्सकों ने टीम की दोनो सदस्यों का स्वागत किया। टीम की दोनो सदस्यों ने अस्पताल के मीटिंग हॉल में बैठकर सभी से परिचय प्राप्त किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद टीम की सदस्यों ने अलग अलग दल बनाकर अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां एक तरफ डॉ हरविंदर कॉर ने जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड, एनआरसी, लेबर रूम का निरीक्षण करते हुए यहां मरीजों को उपलब्ध कराए जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को परखा। वहीं दूसरी तरफ डॉ शिल्पी गोयल ने मेटरनिटी वार्ड की ओटी, बच्चा वार्ड की ओपीडी तथा एसएनसीयू में पहुंचकर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी हांसिल की। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात मिले स्टाफ से भी सवाल जबाव किए। आरएमओ डॉ गजेन्द्र धाकड और डॉ प्रदीप शर्मा निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों के साथ थे।

### टीम की रिपोर्ट दिलाएगी मुस्कान का अवार्ड

जिला अस्पताल के दो दिवसीय निरीक्षण पर आई मुस्कान की नेशनल टीम शनिवार को अस्पताल के रिकॉर्ड को चैक करेगी। दोनो दिन के निरीक्षण के दौरान मुस्कान की यह टीम जिला अस्पताल में मिली सुविधाओं को अपनी कसौटी पर कसने के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी और उसे मुख्यालय पर भेजेगी। बताया गया है कि टीम की यह रिपोर्ट ही तय करेगी कि जिला अस्पताल को मुस्कान का राष्ट्रीय अवार्ड मिल सकेगा या नहीं। निर्धारित अंक हांसिल करने पर श्योपुर जिला अस्पताल को शासन की ओर से मुस्कान का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि अस्पताल प्रबंधन उम्मीद जता रहा है कि श्योपुर जिला अस्पताल ने अपनी बेहतर सुविधाओं के बूते एनक्यूएएस और लक्ष्य का अवार्ड जीता है। इसलिए मुस्कान का अवार्ड भी सुविधाओं के बूते पर ही श्योपुर जिला अस्पताल को मिलने की पूरी उम्मीद है।

# नंगे तार डालकर बिजली चोरी करने की आदत ने महिला को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक और तो बिजली कंपनी स्मार्ट मीटर लगाकर बिजली चोरी बचाने का जतन कर रही है दूसरी ओर बिजली चोर सरे आम केवल डालकर बिजली चोरी कर रहे हैं ऐसी ही बिजली चोरी करने वालों की करतूत से एक महिला की जान पर उस समय बन आई जब महिला अपने पति के साथ खेत पर जा रही थी और तार खींचकर चोरी से बिजली खेतों तक पहुंचाने वालों की करतूत से उसे करंट लग गया जिससे महिला बुरी तरह झुलस गई। करंट लगने से घायल हुई महिला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नवल किशोर माहौर निवासी रेलवे फाटक के पास मधुवनदास कॉलोनी अपनी पत्नी कमला बाई माहौर के साथ खेत पर जा रहा था तभी पीपली माड गुड़ा गांव में बिजली चोरी कर ले जाने के लिए डाले गए खुले तारों से कमला बाई को करंट लग गया और वही अचेत होकर गिर गई। नवल ने जब तक पत्नी को करंट से बचाया तब तक वह बहुत बुरी तरह झुलस गई थी। मरणासन्न हालत में उसे जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है जहां हो जिंदगी मौत के भी संघर्ष कर रही है। नवल माहौर ने दुर्गापुरी चौकी को दिए आवेदन में बताया कि, बिजली चोरी के लिए खुले तार जस्सा सरदार, बाबू बंजारा, मनोहर माली एवं अन्य 8-10 लोग जो आसपास के रहने वाले ने डाले थे। नवल ने इन लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### डामरोंन कला में नहीं फहराया गया तिरंगा

**करेरा।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डामरोंन कला में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) बीते दो महीनों से पूर्णतः बंद पड़ा हुआ है। स्थिति यह है कि 15 अगस्त जैसे राष्ट्रीय पर्व पर भी केंद्र में ताला लटका रहा और तिरंगा नहीं फहराया गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह स्वास्थ्य केंद्र दिखाने भर के लिए बना है। व्यवहारिक रूप से वर्तमान में ग्रामीणों को इससे कोई लाभ नहीं मिल रहा। केंद्र के बंद रहने के कारण लोगों को मामूली बीमारी के लिए भी दूरस्थ क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है। झोलाछाप डॉक्टरों के पास इलाज कराने को ग्रामीण मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य पर और अधिक खतरा मंडरा रहा है।ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस उप स्वास्थ्य केंद्र की नियमित मॉनीटरिंग करें और इसकी कार्यप्रणाली को पुनः शुरू कराएं। स्थानीय स्तर पर किसी भी प्रकार की जांच या निरीक्षण नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं केवल कागजों पर संचालित हो रही हैं। वहीं क्षेत्र में सक्रीय समाजसेवी रितुराज यादव ने बताया कि प्रशासन की ऐसी लापरवाही वास्तव में गंभीर और चिंताजनक है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की अनदेखी का सीधा असर यहां की जनसंख्या के जीवन स्तर और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। यदि स्वास्थ्य केंद्र बंद पड़े हैं और प्रशासन का ध्यान नहीं है, तो यह न केवल शासन की विफलता दर्शाता है बल्कि जनता के बुनियादी अधिकारों का भी उल्लंघन है। प्रशासन को इस ओर जल्द ध्यान देना चाहिए। जनता को स्वास्थ्य सेवा से वंचित रखना गंभीर लापरवाही है, और यदि जल्द ही इसका संज्ञान नहीं लिया गया, तो यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। आरती जाटव - बच्ची को बुखार आ रहा है, सोचा था आज तो 15 अगस्त है अस्पताल खुलेगा लेकिन आज भी नहीं खुला, अब 10 किलोमीटर दूर दिनारा जाना पड़ेगा या किसी झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराना पड़ेगा।पांचों जाटव - बुढ़ापे में कोई नहीं होता बेटा, हाथ पैर दर्द कर रहे हैं, दबाई लेने आई थी अस्पताल बंद है। हम तो भगवान भरोसे जिंदा हैं। अस्पताल तो 2 माह से बंद है। कमला जाटव - पहले एक डॉक्टर थे वो रोज आते थे, सुना है अब वो चले गए, अब डेढ़ दो माह से अस्पताल बंद है।

### राशन में अनियमितता तो कार्रवाई : एसडीएम

**पिछोर।** जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशन पर पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व)ममता शाक्य द्वारा जनपद



पंचायत खनियाधाना के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं से पीडीएस संबंधित चर्चा कर समीक्षा की गई! जिसमें खनियाधाना के लगभग 100 से अधिक विक्रेता उपस्थित हुए। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पिछोर के समक्ष की गई समीक्षा में एसडीएम शाक्य द्वारा विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता देखने को नहीं मिलनी चाहिए! उन्होंने कहा कि पात्रतानुसार राशन का वितरण करें,राशन वितरण ठीक से न होने पर कार्यबाही की जाएगी ! तथा जहां जहां सीएम हेल्पलाइन लगी है,उन विक्रेताओं को जल्द से जल्द शिकायतों के निराकरण कराने के निर्देश दिए!उन्होंने सबसे अधिक 27 शिकायतों वाली ग्राम पंचायत चमरौआ के विक्रेता को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।तथा समीक्षा वैठक के दौरान शाक्य द्वारा एक एक विक्रेता से चर्चा कर, विक्रेताओं से संबंधित वेतन संबंधी समस्या का निराकरण तत्काल प्रबंधक को कराने के निर्देश दिए। निराकरण नहीं करने पर संस्थाओं से दुकान पृथक करने की चेतावनी दी , प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बह लगातार दुकानों का निरीक्षण कर पात्रतानुसार राशन वितरण कराए ,तथा पीडीएस की दुकान प्रतिदिन खुलवाए। तथा शेष ई केवाईसी के कार्य का जल्द से जल्द सत्यापन कर पूर्ण कराए। एसडीएम ममता शाक्य द्वारा कनिष्ठ बैठक के लिए निर्देश दिए।

## कलेक्टर के आदेश के 1 वर्ष बाद भी नहीं हटाया गया हेल्पर को

# समोहा डैम पर विभाग की लापरवाही से डैम की सुरक्षा के लिए बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



शिवपुरी जिले के करैरा क्षेत्र में स्थित समोहा डैम पर तैनात हेल्पर वर्क चार्ज विजय कुमार तिवारी की मनमानी और लापरवाही का मामला लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। पूर्व में हुई शिकायतो के अनुसार, विजय कुमार तिवारी बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के डैम से पानी छोड़ देते हैं, जिससे डैम के खाली होने की संभावना बनी रहती है और आसपास के इलाकों में बाढ़ या जल संकट जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए शिवपुरी कलेक्टर ने 1 अगस्त 2024 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें विजय कुमार तिवारी को उनकी मौजूदा ड्यूटी से तत्काल प्रभाव से हटाकर जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष शिवपुरी में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के इस आदेश में अनुविभागीय अधिकारी लाइट मशीनरी ई&एम करैरा को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया था कि विजय कुमार तिवारी के स्थान पर तुरंत अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि डैम की सुरक्षा और संचालन में कोई व्यवधान न आए। लेकिन विभाग ने इस आदेश की पूरी तरह से अवहेलना की है और आज की तारीख तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत का परिणाम है, जो कलेक्टर जैसे उच्चाधिकारी के आदेश को भी नजरअंदाज कर रहे हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि डैम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया जाए, अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विजय कुमार तिवारी की यह लापरवाही न केवल डैम के जल स्तर को प्रभावित कर रही है, बल्कि पर्यावरण और कृषि पर भी विपरीत असर डाल रही है, क्योंकि अनियंत्रित जल छोड़ने से निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। विभाग की इस उदासीनता से सवाल उठ रहे हैं कि क्या सरकारी आदेशों का पालन केवल कागजों तक सीमित है, या वास्तव में जमीनी स्तर पर कोई जवाबदेही है।

### करैरा विधायक रमेश खटीक सहित ग्रामीण जन भी हटाने की कर चुके हैं शिकायत

विजय कुमार तिवारी की समोहा डैम पर लंबे समय से पदस्थापना भी इस मामले को और जटिल बना रही है। लगभग 15 वर्षों से अधिक समय से वे यहां तैनात हैं और इस दौरान कई शिकायतें सामने आई हैं, जिनमें खेतीबाड़ी करने वाले किसानों और मछली पालन करने वालों से मिलीभगत कर डैम से मछली निकालने की बात शामिल है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विजय कुमार तिवारी की वजह से डैम का माहौल असुरक्षित हो गया है, और वे बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के गेट खोलकर पानी छोड़ देते हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। इससे पहले, क्षेत्रीय विधायक रमेश खटीक सहित कई ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विभाग को लिखित शिकायतें दी थीं, जिनमें विजय कुमार तिवारी की मनमानी पर सवाल उठाए गए थे। इन शिकायतों के आधार पर ही कलेक्टर शिवपुरी ने कार्रवाई की थी, लेकिन विभाग ने इस आदेश को ह्यखूंटी पर टांग दियाह्न जैसा व्यवहार किया है। दिलचस्प बात यह है कि डैम पर स्थाई पोस्टिंग रविंद्र गौतम की है, जो हेल्पर इंचार्ज के पद पर हैं, लेकिन वे पिछले 15 दिनों से ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं। विजय कुमार तिवारी ने खुद बताया कि रविंद्र गौतम छुट्टी पर हैं, लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस स्थिति से डैम का संचालन पूरी तरह से अनियमित हो गया है, और विजय कुमार तिवारी अकेले ही सब कुछ संभाल रहे हैं, जो सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से एक ही व्यक्ति की पदस्थापना से भ्रष्टाचार और लापरवाही को बढ़ावा मिलता है, और विभाग को नियमित रूप से कर्मचारियों की रोटेशन पॉलिसी अपनानी चाहिए। इस मामले ने शिवपुरी जिले में सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जहां उच्चाधिकारियों के आदेशों की भी अनदेखी हो रही है।

### इनका कहना है

डैम पर 3 कर्मचारियों की आवश्यकता होती है अन्य कर्मचारी मिलते ही तैनात कर देंगे । विजय तिवारी की शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई होगी ।

**राम कुमार गुप्ता** एसडीओ ई & एम सिंध परियोजना शिवपुरी

बो विधायक जी ने करवा दिया था उस समय मेरा लेकिन में तो तब से यही हूँ, पास में दतिया का रहने वाला हूँ शाम को घर चला जाता हूँ सुबह लौटकर आ जाता हूँ ।

**विजय कुमार तिवारी** हेल्पर वर्क चार्ज समोहा डैम करैरा



## सिंधिया के दौरे से पहले चौहान बीमार

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने चौहान के निवास पहुंचकर जाना हाल-चाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस।

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कटटर समर्थक माने जाने वाले भरत सिंह चौहान कोलारस के विभिन्न निकायों में बडे-बडे पदों पर रह चुके हैं। वर्तमान में भी वो जनपद पंचायत कोलारस के अध्यक्ष के रूप में जनसेवा कर रहे हैं। हालहि में भरत सिंह चौहान प्रोस्टेड की समस्या से ग्रसित हो गए थे। जिसके चलते ग्वालियर के नवजीवन अस्पताल में उनका ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों द्वारा उन्हें बैडरेस्ट करने की सलाह दी गई थी। जिसके चलते केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बाढ प्रभावित क्षेत्र के दौरा कार्यक्रम में भरत सिंह चौहान उपस्थित नहीं हो सके। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को चौहान की कमी खली, जब उन्हें जानकारी मिली की भरत सिंह चौहान का स्वास्थ्य खराब है तो सिंधिया सीधे शिवपुरी की महाराणा प्रताप कालोनी स्थित भरत सिंह चौहान के निवास पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही नवजीवन हॉस्पिटल ग्वालियर के प्रबंधन से दूरभाष पर चर्चा कर पुनहः जांच करने के निर्देश दिए। ताकि भरत सिंह चौहान शीघ्रता से स्वस्थ्य हो सकें। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की सलाह पर भरत सिंह चौहान शीघ्र ही पुनहः जांच कराने के लिए अपने परिजनों के साथ नवजीवन हॉस्पिटल ग्वालियर रवाना हो गए। जहां डॉक्टरों की टीम उनका पूरा स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने आपदा नायक गिरिराज को सम्मान स्वरूप भेंट किया नया ट्रैक्टर



**कोलारस।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कोलारस विकासखंड के ग्राम लिलवारा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर आपदा राहत एवं पुनर्वास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने गांव के आपदा नायक युवा गिरिराज प्रजापति को साहसिक सेवाओं के सम्मान स्वरूप एक नया ट्रैक्टर भेंट कर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि हाल ही में आई बाढ़ के दौरान गिरिराज ने अपने साहस और तत्परता से कई ग्रामीणों की जान बचाई तथा राहत कार्यों में सक्रिय सहयोग किया था। उनके इस उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि संकट की घड़ी में गिरिराज जैसे युवाओं का साहस और सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जनसेवा हेतु प्रेरित करेगा। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि भारत को ऐसे ही सपूतों की जरूरत है। जुग जुग जियो गिर्राज। यह ट्रैक्टर आपके जीवन में अपार सफलताएं लेकर आए।

## डीईओ ने किया सीएम राइज स्कूल व इंदार स्कूल का निरीक्षण

# हासे स्कूल इंदार में पहुंचकर डीईओ बन गए शिक्षक बच्चों को समझाया कैसे निकलता है प्रिज्म से प्रकाश?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव शुक्रवार को कोलारस अनुविभाग के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे तो हायर सेकेंडरी स्कूल इंदार में बच्चों के बीच पहुंचकर शिक्षक बन गए। इस दौरान डीईओ ने बच्चों के बीच पहुंचकर फिजिक्स के प्रकाश के परावर्तन और अपवर्तन की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से समझाया साथ ही बच्चों को यह भी बताया कि प्रिज्म से प्रकाश कैसे निकलता है और इंद्रधनुष कैसे बनता है। डीईओ को अपने बीच पाकर इंदार स्कूल के बच्चे खुश हो गए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय उमावि इंदौर सहित कोलारस के सीएम राइज स्कूल का भी औचक निरीक्षण किया जहां निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चे और समूचा स्टाफ मौजूद मिला।



### साइकिल पाकर खुश हुए हायर सेकंडरी स्कूल इंदार के बच्चे

जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव द्वारा बदरवास ब्लॉक के शासकीय उमावि इंदार स्कूल में पहुंचकर शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। इस दौरान डीईओ श्रीवास्तव ने बच्चों से शासन की योजनाओं के तहत स्कूलों में बच्चों को मुफ्त में मिलने वाली योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं से वन-टू-वन चर्चा की गई । साइकिलें मिलते ही विद्यालय के छात्र-छात्राएं खुश हो उठे।डीईओ के औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल में कक्षाएं भी विधिवत संचालित पाई गई वहीं संकुल प्राचार्य नीरेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा शाला के संचालन व आईटी लैब सहित आईसीटी लैब और स्पोर्ट्स लैब को देख कर रखरखाव की सराहना की गई।

# साहू ने सोयाबीन की बड़ी से बनाए ईको फ्रेंडली गणेशजी

## साढ़े 7 फीट ऊंची और 21 किलो वजनी है प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गणेश उत्सव के लिए इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार चौधरी अशोक कुमार साहू ने इस वर्ष करीब 51 हजार सोयाबीन की बड़ी से 21 किलो वजन की साढ़े 7 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा को तैयार की है। जिसकी स्थापना सर्वोदय चौक स्थित श्री कौशल किशोर देव राम जानकी साहू समाज मंदिर में की जाएगी। जो पिछली प्रतिमाओं की तरह आकर्षण का केंद्र रहेगी।



### 65 हिस्सों में तैयार की गई प्रतिमा

मूर्तिकार साहू ने बताया कि प्रतिमा को बनाने के लिए 21 किलो सोयाबीन की बड़ी का उपयोग किया गया है। जिन्हें छलनी से घिस कर चौकोर किया गया। बाद में प्रतिमा के करीब 60-65 अलग-अलग हिस्सों को फेविकोल की मदद से बिना सपोर्ट के तैयार किया गया। जिन्हें बाद में एक प्रतिमा को मूर्त रूप दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा को बनाने में करीब 6 माह का समय लगा है।मूर्तिकार साहू ने बताया प्रतिमा बनाने में सोयाबीन की बड़ी एवं फेविकोल का उपयोग किया गया है। इन्हीं के उपयोग से प्रतिमा के अलावा कपड़े, सिंहासन, हार, मुकुट, वाहन चूहा आदि सभी सोयाबीन की बड़ी से तैयार किए गए है। कलर की जगह सुनहली का उपयोग किया गया है। जिससे प्रतिमा विसर्जन के बाद नदी के जीव जंतु को नुकसान नहीं होगा।

## छात्राओं ने बनाई सजावट सामग्री

# कन्या कॉलेज में हस्तकला का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण जारी




**बीना।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत हस्तकला विधा पर केन्द्रित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ चंद्रा रत्नाकर ने कहा कि हस्तकला हमारी रुचि एवं पसंद पर भी निर्भर करती है। डॉ रश्मि जैन कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी ने कहा हस्त कला से रचनात्मकता को अभिव्यक्ति का अवसर मिलता है। हस्तकला प्रशिक्षक रितुराज तिवारी ने कहा छात्राएं मनोयोग से प्रशिक्षण ले रहीं है। हस्तकला में किसी भी वस्तु को तैयार करते समय उसका डिजाइन रंग प्रभाव एवं व्यवस्थित रूप ग्राहक को आकर्षित करता है। छात्राओं ने कपड़ा, कागज एवं क्विलिंग पेपर साटन से विभिन्न प्रकार के सुंदर फूल बनाना सीखे एवं घरेलू सजावट सामग्री तैयार की। कार्डबोर्ड का उपयोग कर कलात्मक सामग्री बनाई।

### गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बीना।** गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने जिला स्तरीय एसजीएफआई खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। 14 एवं 17 वर्ष बालिका एवं 17 वर्ष बालक आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की टीम ने बीना ब्लॉक को हराकर विजय रही। प्रतियोगिता में 14,17,19 आयु वर्ग के छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कुशल खेल तकनीक



और टीम वर्क का बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम के कोच कोमल पटेल, गीतेश रैकवार, करतार सिंह यादव और शिखा मिश्रा ने कड़ी मेहनत, रणनीति और मार्गदर्शन के माध्यम से उत्कृष्ट तैयारी दिलाई। विद्यालय के चेयरमैन विकास अग्रवाल, प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल और एकेडमिक डायरेक्टर संतोष रजक ने छात्राओं और कोचों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अभाविप करैरा नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**करैरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) करैरा नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रत्येक वर्ष अभाविप नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करती है इसी क्रम में निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी हिरदेश पाठक जी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अभाविप भाग संयोजक करैरा रितुराज यादव उपस्थित रहे। उन्होंने अभाविप की 77 वर्षों की ध्येय यात्रा का उल्लेख करते हुए संगठन की उपलब्धियों, कार्यों एवं छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें इन्हें मिली नवीन दायित्व की जिम्मेदारी — (नगर अध्यक्ष) ब्रजमोहन प्रजापति, (नगर मंत्री) अमन मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष राहुल ठाकुर, दिव्यांशी सोनी, ऋषभ यादव, चंद्रशेखर उर्फ पिंटू, (नगर सह मंत्री) आयुष शर्मा, आयुष तिवारी, हर्ष शाहू, रमन तिवारी, (नगर रऋऊ प्रमुख) बादल सेन, (सह रऋऊ प्रमुख) कृष्णा कुशवाह, नगर रऋर नीकेश पाल, (नगर सह रऋऊ प्रमुख) सतीश पाल, महाविद्यालय प्रमुख अंशिका, महाविद्यालय सह प्रमुख कृष्णा, विद्यालय प्रमुख वंश राजा परमार, (नगर कोषाध्यक्ष) अभय ठाकुर, (नगर सह कोषाध्यक्ष) मृदुल सोनी, (नगर खेलो भारत प्रमुख) आयुष पाल, (नगर कला मंच प्रमुख) शीतल मिश्रा, (शोशल मीडिया प्रमुख) कार्तिक ठाकुर, (सोशल मीडिया सह प्रमुख) आदि शामिल हैं।

## 12 अक्टूबर को होगा संघ का आयोजन, विजय दशमी के बाद व्यापक संपर्क की रूपरेखा बैठक में हुई तैयार

**कोलारस।** आगामी 27 सितंबर को भारतीय स्वयं सेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। जिसे लेकर संघ पदाधिकारी और स्वयं सेवकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसके चलते आगामी समय में संघ के मार्गदर्शन में विजय दशमी से बडे-बडे भव्य आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है।

इसी क्रम में शिवपुरी जिला प्रचारक जितेन्द्र जी के मार्गदर्शन में विगत दिवस कोलारस की अग्रवाल धर्मशाला में सभी स्वयं सेवकों की बडी बैठक का आयोजन हुआ और आगामी कार्यक्रमों को लेकर नगर का एकत्रीकरण करने हेतु विचार-विमर्श किया गया। भारत देश को परम वैभव पर पहुंचाने का संकल्प लिया। संघ के संस्थापक डॉ, हैडगेवार द्वारा सन 1925 में रोपित




किया गया संघ का अंकुर अब विशाल वट व्रक्ष का रूप धारण कर चुका है। 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ के सभी पदाधिकारियों में सौरव रघुवंशी, संजय अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, यशवंत श्रीवास्तव, गिर्राज गर्ग आदि ने घर-घर जाकर संगठन की विचारधारा को सभी के समक्ष रखा और आगामी समय में विशाल पथ संचलन, व्यापक ग्रह संपर्क, हिंदू सम्मेलन में सभी नगर वासियों को एकत्रित होने का आव्हान किया।


## करैरा की उकायला गोशाला में कीचड़, बीमारी और लापरवाही फैली

# आधा दर्जन से अधिक गायों के कंकाल मौके पर पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

जनपद करैरा की ग्राम पंचायत उकायला में स्थित गौशाला इन दिनों एक दर्दनाक तस्वीर पेश कर रही है। यहां गोवंश की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि गायें कीचड़ भरे फर्श पर फिसलती-गिरती रहती हैं, जबकि पानी और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव उन्हें मौत के मुंह में धकेल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला का संचालन करने वाले बंसी वाले सेवा समूह की लापरवाही ने स्थिति को और बदतर बना दिया है। पूर्व में पशु चिकित्सकों





की टीम ने यहां का दौरा किया था, जहां उन्होंने कई गंभीर कमियां उजागर कीं, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों में संचालक के खिलाफ गहरा आक्रोश पनप रहा है और वे मांग कर रहे हैं कि गौशाला का नियंत्रण योग्य हाथों में सौंपा जाए ताकि गोवंश का उचित देखभाल हो सके। यहां का पूरा परिसर कीचड़ से लबालब भरा हुआ है। गायों के पैर आधा फुट तक कीचड़ में धंस जाते हैं, जिससे वे घंटों फंसी रहती हैं और हिल-डुल भी नहीं पातीं। बारिश के मौसम में यह समस्या और बढ़ जाती है, क्योंकि जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। गौशाला में रखी गई सैकड़ों गायों को इस दलदल में जीना पड़ रहा है, जो न केवल उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है बल्कि उन्हें चोटिल भी कर रहा है। स्थानीय निवासी वीरू जाटव ने बताया कि ह्लगायें यहां कीचड़ में फिसलकर गिरती हैं और उठ नहीं पातीं। कई बार तो वे घायल हो जाती हैं, लेकिन कोई देखभाल करने वाला नहीं मिलता।ह्व इस तरह की स्थिति ने गोवंश को असहाय बना दिया है, जहां वे बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं।

पानी की व्यवस्था का हाल और भी बदतर है। गौशाला में एक टंकी पूरी तरह खाली पड़ी हुई है, जबकि दूसरी में जो पानी है, वह गंदा और प्रदूषित हो चुका है। गोवंश को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल रहा हैं। उमस और बारिश के इस मौसम में पानी की कमी घातक साबित हो रही है, क्योंकि गायें प्यास से तड़पती रहती हैं।